RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-पाठशाला कार्यक्रम

CLASS 10th SST

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

RAPID REVISION



वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. वैश्वीकरण का अर्थ क्या है? (PYQ : 2023, 2022)

अ देशों के बीच व्यापार बंद करना

ब विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं का एकीकरण

स केवल घरेलू उत्पादन बढ़ाना

द विदेशी निवेश रोकना

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

2. बहुराष्ट्रीय कंपनी (MNC) किसे कहते हैं?

(PYQ: 2023, 2022)

अ जो एक देश में उत्पादन करती है

ब जो केवल सरकारी वस्तुएँ बेचती है

स जो केवल कृषि करती है

द जो एक से अधिक देशों में उत्पादन का स्वामित्व या नियंत्रण रखती है

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

3. वैश्वीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख कारक कौन-सा है? (PYQ: 2025, 2023)

(अ) तकनीकी प्रगति

(ब) व्यापार पर प्रतिबंध

(स) परिवहन सुविधाओं की कमी

(द) विदेशी निवेश पर रोक

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

4. व्यापार और निवेश पर सरकारी प्रतिबंधों को हटाना क्या कहलाता है? (PYQ: 2026, 2024)

(अ) निजीकरण

(ब) राष्ट्रीयकरण

(स) उदारीकरण

(द) औद्योगीकरण

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

5. बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ सामान्यतः उत्पादन के लिए स्थान का चयन किस आधार पर करती हैं? (PYQ: 2022, 2020)

(अ) अधिक लागत

(ब) सस्ते श्रम तथा अनुकूल सुविधाएँ

(स) कम बाज़ार

(द) परिवहन की अनुपलब्धता

6. विदेशी कंपनी द्वारा दूसरे देश में उत्पादन संबंधी निवेश को क्या कहते हैं? (PYQ: 2022, 2020)

अ घरेलू बचत

ब सार्वजनिक व्यय

स कर भुगतान

द विदेशी निवेश

7. विदेशी व्यापार से उत्पादकों को क्या लाभ होता है?

(PYQ: 2026, 2021)

(अ) बड़े विदेशी बाज़ारों तक पहुँच

(ब) उत्पादन पर पूर्ण रोक

(स) ग्राहकों में कमी

(द) निर्यात बंद होना

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था



8. आयातित वस्तुओं पर कर लगाने का प्रमुख उद्देश्य क्या हो सकता है? (PYQ: 2026, 2020)

अ आयात को हमेशा सस्ता बनाना


ब घरेलू उद्योगों की रक्षा करना

स स्थानीय उद्योग समाप्त करना

द विदेशी व्यापार को बढ़ाना ही एकमात्र उद्देश्य

आरती — 1
राधिका — 2
प्रह्लाद — 3

9. भारत में व्यापक आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत किस वर्ष हुई? (PYQ: 2025, 2022)



अ 1947

ब 1991

स 2001

द 2010

① – विरमा
② – लक्ष्मी
③ – राधिका

10. विश्व व्यापार संगठन (WTO) का प्रमुख कार्य क्या है? (PYQ: 2025, 2022)

अ सभी देशों की मुद्रा जारी करना

ब केवल कृषि उत्पादन करना

स सभी अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर प्रतिबंध लगाना

द विश्व व्यापार के नियमों को संचालित करना तथा व्यापार उदारीकरण को बढ़ावा देना

① उषा
② विवेक
③ प्रहलाद

11. बहुराष्ट्रीय कंपनी को स्थानीय कंपनी के साथ संयुक्त उत्पादन से क्या लाभ हो सकता है?

(PYQ: 2023)

(अ) हर प्रकार की लागत बढ़ना

(ब) उत्पादन बंद होना

(स) सभी श्रमिकों का हटना

(द) स्थानीय बाज़ार का अनुभव तथा उत्पादन सुविधाएँ मिलना

① - उन्नत
② - सार्वजनिक
③ - किफायती

12. सूचना प्रौद्योगिकी ने वैश्वीकरण में किस प्रकार सहायता की है? (PYQ: 2025, 2019)

अ संचार में देरी बढ़ाकर

ब विदेशी संपर्क बंद करके

स व्यापार प्रतिबंध बढ़ाकर

द सूचना के आदान-प्रदान को तेज़ और सस्ता बनाकर

① आशा
② राकिको
③ विरमा

13. भारत में वैश्वीकरण से किस प्रकार के उपभोक्ताओं को विशेष लाभ हुआ है? (PYQ: 2022, 2020)

अ केवल बेरोज़गार लोगों को

ब केवल ग्रामीण उत्पादकों को

स किसी भी उपभोक्ता को नहीं

द संपन्न तथा अधिक क्रय-शक्ति वाले उपभोक्ताओं को

1. उषा
2. किरण
3. Mr. Vishnu

14. विदेशी वस्तुओं के आयात से भारतीय बाज़ार में क्या परिवर्तन आया? (PYQ: 2024, 2021)

अ. उपभोक्ताओं के विकल्प समाप्त हुए

ब. प्रतिस्पर्धा बंद हो गई

स. वस्तुओं की उपलब्धता समाप्त हुई

द. वस्तुओं की विविधता और प्रतिस्पर्धा बढ़ी

(1) उषा
(2) विरदा
(3) विवेक

15. वैश्वीकरण का नकारात्मक प्रभाव किन पर पड़ सकता है? (PYQ: 2023, 2019)

अ केवल बड़ी विदेशी कंपनियों पर

ब सभी संपन्न उपभोक्ताओं पर समान रूप से

स केवल निर्यातकों पर

द विदेशी प्रतिस्पर्धा का सामना करने वाले छोटे उत्पादकों पर

① आशा
② राधिका
③ लक्ष्मी

16. न्यायसंगत वैश्वीकरण का उद्देश्य क्या है?

(PYQ: 2023, 2019)

अ केवल बड़ी कंपनियों को लाभ देना

ब छोटे उत्पादकों को समाप्त करना

स वैश्वीकरण के लाभ सभी वर्गों तक पहुँचाना

द सभी देशों का व्यापार रोकना

(3) Pintu

17. बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ उत्पादन पर नियंत्रण किस प्रकार स्थापित कर सकती हैं? (PYQ: 2024, 2022)

अ स्थानीय कंपनियों को खरीदकर

ब संयुक्त उत्पादन करके

स स्थानीय उत्पादकों को ऑर्डर देकर

द उपर्युक्त सभी

① उत्पा
② विपणु
③ सार्वभौ

18. निम्नलिखित में से कौन-सा वैश्वीकरण का उदाहरण है? (PYQ: 2023, 2024)

अ किसी वस्तु का केवल गाँव में बिकना

ब विदेशी व्यापार पर पूर्ण प्रतिबंध

स सभी विदेशी निवेशों को रोकना

द एक देश में निर्मित वस्तु का अनेक देशों में बिकना

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

1. वैश्वीकरण किसे कहते हैं? (PYQ: 2024, 2022)

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

विष्णु
अग्रवाल
नरेंद्र

उत्तर : वैश्वीकरण वह प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाएँ विदेशी व्यापार निवेश और तकनीक के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ती हैं।




वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

2. बहुराष्ट्रीय कंपनी किसे कहते हैं?

(PYQ: 2023, 2021)



उत्तर : वह कंपनी जो एक से अधिक देशों में उत्पादन का स्वामित्व या नियंत्रण रखती है, बहुराष्ट्रीय कंपनी कहलाती है। उदाहरण: सैमसंग।



3. विदेशी निवेश क्या है? (PYQ: 2022, 2020)



वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

उत्तर : जब कोई विदेशी कंपनी दूसरे देश में कारखाने, मशीनें अथवा अन्य उत्पादन संबंधी परिसंपत्तियों में पूँजी लगाती है, तो उसे विदेशी निवेश कहते हैं।

1. गगन
2. अदिती
3. आरती

4. उदारीकरण से क्या अभिप्राय है?

(PYQ: 2025, 2024)



उत्तर : सरकार द्वारा व्यापार तथा निवेश पर लगाए गए प्रतिबंधों को कम करना या हटाना उदारीकरण कहलाता है।

1991

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

5. व्यापार अवरोध क्या हैं?

(PYQ: 2026, 2021)



उत्तर : सरकार द्वारा विदेशी व्यापार को नियंत्रित करने के लिए लगाए गए प्रतिबंध व्यापार अवरोध कहलाते हैं। उदाहरण: आयात कर और आयात की मात्रा पर सीमा।



वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

6. विश्व व्यापार संगठन का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(PYQ: 2023, 2022)



वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

उत्तर : विश्व व्यापार संगठन (WTO) का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय व्यापार के नियम निर्धारित करना तथा देशों के बीच व्यापार को अधिक मुक्त और सुचारु बनाना है।



7. बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भारत में उत्पादन क्यों स्थापित करती हैं? (PYQ: 2022, 2020)



वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

उत्तर : भारत में अपेक्षाकृत सस्ता श्रम, बड़ा उपभोक्ता बाज़ार और उत्पादन की अन्य सुविधाएँ उपलब्ध होने के कारण बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ यहाँ उत्पादन स्थापित करती हैं।

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

8. विदेशी व्यापार बाज़ारों को कैसे जोड़ता है?

(PYQ: 2026, 2021)



वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

उत्तर : विदेशी व्यापार से उत्पादक दूसरे देशों में वस्तुएँ बेच सकते हैं और उपभोक्ता दूसरे देशों की वस्तुएँ खरीद सकते हैं। इससे विभिन्न देशों के बाज़ार आपस में जुड़ते हैं।

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

9. विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) क्या है?

(PYQ: 2020,)



वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

उत्तर : विशेष आर्थिक क्षेत्र ऐसे औद्योगिक क्षेत्र होते हैं जहाँ निवेश आकर्षित करने, उत्पादन और निर्यात बढ़ाने के लिए विशेष सुविधाएँ तथा प्रोत्साहन प्रदान किए जाते हैं।

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

10. न्यायसंगत वैश्वीकरण से क्या तात्पर्य है?

(PYQ: 2023, 2021)



वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

उत्तर : न्यायसंगत वैश्वीकरण वह प्रक्रिया है जिसमें वैश्वीकरण के लाभ केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित न रहकर किसानों, श्रमिकों, छोटे उत्पादकों तथा समाज के सभी वर्गों तक पहुँचें।

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. वैश्वीकरण को बढ़ावा देने वाले किन्हीं तीन प्रमुख कारकों की व्याख्या कीजिए।

(PYQ: 2026, 2024, 2023)

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

उत्तर :

1. तकनीकी विकास: कंप्यूटर, इंटरनेट और मोबाइल फोन ने देशों के बीच संचार और सूचनाओं का आदान-प्रदान आसान बनाया है।
2. परिवहन सुविधाओं में सुधार: आधुनिक परिवहन के कारण वस्तुओं को कम समय और कम लागत में एक देश से दूसरे देश तक पहुँचाना संभव हुआ है।

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

3. व्यापार का उदारीकरण: विदेशी व्यापार और निवेश पर प्रतिबंध कम होने से विभिन्न देशों के बीच आर्थिक संबंध बढ़े हैं।



वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

2. बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ दूसरे देशों में उत्पादन को किस प्रकार नियंत्रित करती हैं? तीन तरीके बताइए।

(PYQ: 2024, 2022)

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

उत्तर :

1. संयुक्त उत्पादन: बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ स्थानीय कंपनियों के साथ मिलकर उत्पादन करती हैं तथा पूँजी और तकनीक उपलब्ध कराती हैं।
2. स्थानीय कंपनियों को खरीदना: ये कंपनियाँ स्थानीय कंपनियों को खरीदकर उनके उत्पादन और प्रबंधन पर नियंत्रण प्राप्त करती हैं।

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

3. उत्पादन के ऑर्डर देना: बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ छोटे उत्पादकों को अपनी आवश्यकता के अनुसार वस्तुएँ बनाने के ऑर्डर देती हैं तथा गुणवत्ता और कीमत जैसी शर्तें निर्धारित करती हैं।

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

3. वैश्वीकरण का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा है? तीन बिंदुओं में समझाइए।

(PYQ: 2023, 2022)

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

उत्तर :

1. उपभोक्ताओं को लाभ: वैश्वीकरण से भारतीय बाज़ार में विभिन्न प्रकार की वस्तुएँ उपलब्ध हुई हैं। उपभोक्ताओं को अधिक विकल्प और कई वस्तुओं पर प्रतिस्पर्धी कीमतें मिली हैं।
2. रोज़गार के नए अवसर: सूचना प्रौद्योगिकी, सेवाओं तथा कुछ निर्यात आधारित उद्योगों में रोज़गार के नए अवसर उत्पन्न हुए हैं।

वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था

3. छोटे उत्पादकों पर नकारात्मक प्रभाव: विदेशी कंपनियों की प्रतिस्पर्धा के कारण कई छोटे उद्योगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। कुछ उद्योगों में उत्पादन और रोज़गार भी प्रभावित हुए हैं।